दिनांक 25.02.2010 को अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षता में आयोजित बैठक की कार्यवाही :

बैठक की कार्यवाही श्री जे० तिवारी, महाप्रबंधक, डब्लू०सी०एल०, पेंच एरिया, परासिया–सह–अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति, केन्द्रीय विद्यालय, बड़कुही द्वारा समस्त सदस्यों के अभिवादन के साथ शुरू हुई। विद्यालय, विद्यार्थी, स्टाफ से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर निम्नलिखित बिन्दुवार चर्चा हुई :

विद्यार्थियों से संबंधित : प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय बड़कुही एवं अन्य सदस्यों द्वारा अतिरिक्त कक्ष के लिए अतिरिक्त फर्नीचर, होस्पीटेलिटि मैनेजमैंट के लिए 3 (तीन) अतिरिक्त कक्ष का निर्माण, विद्यालय में एक्वागार्ड का संस्थापन, पानी के पाईप लाईन की मरम्मत, विद्यालय में पानी एव बिजली की गंभीर समस्या के बारे में अध्यक्ष को बताया गया, जिसके निवारण हेतु आश्वासन दिया गया।

अध्यक्ष द्वारा इस संबंध में बताया गया कि अगले वित्तीय वर्ष के बजट में उपरोक्त सभी समस्यों को हल करने का प्रावधान किया जाएगा। साथ ही, आश्वस्त किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर बिजली की समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

विद्यालय भवन : विद्यालय भवन के छत एवं दीवार से पानी के रिसाव, दरवाजे एवं खिड़कियों की मरम्मत, एसेम्बली ग्राउण्ड का पक्कीकरण, विद्यालय भवन का पुताई कार्य, विद्युत पोईंट एवं वायर की मरम्मत, मुख्य द्वार के निर्माण एवं विद्यालय प्रांगण में भेपर लाईट के संस्थापन के संबंध में बैठक में चर्चा हुई। अध्यक्ष द्वारा शीघ्र ही इन समस्यों के निराकरण का आश्वासन दिया गया।

वित्तीय स्थिति : प्राचार्य द्वारा कर्मचारियों की तीन माह के वेतन मद की राशि स्कूल फण्ड में उपलब्ध कराने, छठे वेतन आयोग के द्वितीय किश्त 60% एरियर का भुगतान करने एवं एडमिनिस्ट्रेटिभ ओवरहेड चार्जेस के संबंध में अध्यक्ष से अनुरोध किया गया। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि इस संबंध में विचार किया जा रहा है। छठे वेतन आयोक के द्वितीय किश्त एरियर एवं एडमिनिस्ट्रेटिभ ओवरहेड चार्जेस के भुगतान के बारे में अक्ष्यक्ष द्वारा बताया गया कि मई, 2010 के बाद ही इसका भुगतान संभव हो पाएगा।

कर्मचारी का कल्याण : अध्यक्ष द्वारा स्टाफ क्वाटर की मरम्मत, स्टाफ क्वार्टर में पेयजल एवं विद्युत की दयनीय स्थिति के बारे में कोई भी आश्वासन देने से इनकार किया गया। साथ ही, यह आश्वस्त किया कि केन्द्रीय विद्यालय के कर्मचारियों को शीघ्र की डब्लू०सी०एल० की कर्मचारियों की तरह स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(एच० एस० पाण्डेय)
प्राचार्य / Principal
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय / Kendriya Vidyalaya
के०वि० बड़कुही
बड़कुही / Barkuhi (M.P.) 480447

(जे० तिवारी)
अध्यक्ष,
विद्यालय प्रबंध समिति
Chairman
Vidyalaya Management Committee
के०वि० बड़कुही
Kendriya Vidyalaya, Barkuhi